**संचिका संख्या–30/SNA-SPARSH-06/2026...5643........./**

**बिहार सरकार**

**वित्त विभाग**

**:: संकल्प ::**

**दिनांक–...17/06/2026...**

**विषयः–राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC) द्वारा "Bihar SNA-SPARSH for Just-in-time payments (BIHAR SNA-SPARSH)" सॉफ्टवेयर के विकास/अनुकूलन, परीक्षण, संवर्धन, रखरखाव, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण एवं कार्यान्वयन हेतु मनोनयन के आधार पर अगले दो वर्षों के लिए ₹5,75,39,000 (पाँच करोड़ पचहत्तर लाख उनतालीस हजार रूपये) मात्र की स्वीकृति के संबंध में।**

राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), पटना द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं (CSS) हेतु एक नये सॉफ्टवेयर "Bihar SNA-SPARSH for Just-in-time payments (BIHAR SNA-SPARSH)" को लागू करने हेतु एक प्रस्ताव समर्पित किया गया है। एन0आई0सी0, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक कार्यरत संस्थान है, जो केन्द्र और राज्य सरकार को आई0टी0 विकास, ई–गवर्नेंस, डाटा सेंटर इत्यादि की सेवा उपलब्ध कराती है।

**2.** "Bihar SNA-SPARSH for Just-in-time payments (BIHAR SNA-SPARSH)" परियोजना का उद्देश्य वित्तीय प्रबंधन प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और राज्य के लिए विभिन्न प्रकार के SNA-SPARSH से संबंधित विपत्रों के प्रभावी प्रबंधन हेतु सार्वज़निक वित्तीय

प्रबंधन प्रणाली (PFMS), भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) और भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के ई–कुबेर सिस्टम के साथ एकीकृत एक नया भुगतान पोर्टल संचालित करना है। इस परियोजना में विभिन्न विभागों में कार्यान्वित की जा रही केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के लिए कार्यान्वयन एजेंसियाँ (Implementing Agencies) शामिल है। इस पहल का लक्ष्य विपत्र तैयार करना और प्रसंस्करण में मौजूदा चुनौतियों का समाधान करना, कार्य प्रवाह को सुव्यवस्थित करना और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS), भारतीय रिजर्व बैंक का ई–कुबेर(e-Kuber) सिस्टम, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI), ई–लाभार्थी (Direct Benefit Transfer Portal) इत्यादि सहित कई प्लेटफॉर्मों पर निर्बाध एकीकरण को सक्षम बनाना है।

**3.** उक्त परियोजना हेतु दो वर्षों की अवधि में Bihar SNA-SPARSH for Just-in-time payments (BIHAR SNA-SPARSH) सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन का विकास/अनुकूलन, परीक्षण, संवर्द्धन, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण एवं कार्यान्वयन किया जाना है।

**4.** उल्लेखनीय है कि एन.आई.सी. (NIC) द्वारा पूर्व से केन्द्र एवं राज्य के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुँचाने हेतु ई–लाभार्थी (DBT Portal) का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत SNA एवं DBT से संबंधित योजनाओं जैसे–प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति स्कीम, वृद्धा, विधवा एवं निशक्तता पेंशन स्कीम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री पोषण एवं समग्र शिक्षा स्कीम तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से संबंधित सभी

योजनाएँ संचालित की जा रही है। केन्द्र सरकार के दिशा–निर्देश के अनुसार केन्द्र प्रायोजित सभी योजनाओं का संचालन अब SNA-SPARSH के अंतर्गत किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं जिसका क्रियान्वयन SNA-SPARSH के माध्यम से किया जा रहा है, उसके भुगतान प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु एन0आई0सी0 के माध्यम से किये जाने हेतु BIHAR SNA-SPARSH सॉफ्टवेयर को विकसित/अनुकूलन किया जाना है। इस प्रकार के कार्यों में NIC को विशिष्टता प्राप्त है। इसके आधार पर NIC को मनोनयन (Nomination) के आधार पर Bihar SNA-SPARSH for Just-in-time payments (BIHAR SNA-SPARSH) सॉफ्टवेयर को विकसित एवं क्रियान्वित करने हेतु सहमति दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

**5.** "Bihar SNA-SPARSH for Just-in-time payments (BIHAR SNA-SPARSH)" परियोजना हेतु NIC द्वारा 02 वर्षों का निर्धारित लागत मूल्य उपलब्ध कराया गया है, जिसका प्रस्ताव निम्नानुसार है :–

| S. N. | Workstream. | Estimated Project Cost (Rs) | NICSI Charges @ 9% (Rs) | GST @ 18% (Rs) | Total Cost (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Development/Customization, Testing, Enchancement, Maintenance, Training of Trainers (ToT) and Handholding support for 24 Months | 4,47,36,000 | 40,26,000 | 87,77,000 | 5,75,39,000 |

**6.** उक्त परियोजना के अंतर्गत NIC द्वारा मुख्य रूप से निम्न कार्यों को किया जायेगाः–

**(i)** SNA-SPARSH से संबंधित सभी स्कीमों का क्रियान्वयन Bihar SNA-SPARSH सॉफ्टवेयर के माध्यम से भुगतान करने हेतु विकसित/अनुकूलन करना।

**(ii)** आवश्यकतानुसार एप्लीकेशन का विकास/अनुकूलन और नये मॉड्यूल को विकसित करना।

**(iii)** Back-end प्रक्रियाओं और लगातार बढ़ते लोड को संभालने के लिए एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करना और इसका रख–रखाव करना।

**(iv)** नागरिकों के साथ बेहतर संपर्क स्थापित करने और बेहतर पहुँच के लिए मोबाइल आधारित Application के माध्यम से सेवाओं को बेहतर बनाना।

**(v)** मोबाइल फोन/टैबलेट के माध्यम से सेवा की पहुँच को सक्षम करना।

**(vi)** विभागवार विशिष्ट डैशबोर्ड बनाना।

**(vii)** सूचना और धन के सरल प्रवाह के लिए योजनाओं के प्रक्रिया का पुनर्गठन।

**(viii)** निधि हस्तांतरण में अनावश्यक प्रक्रियाओं का उन्मूलन।

**(ix)** विभाग के अंदर डेटा साझाकरण के लिए एक एकीकृत ढ़ाँचा तैयार करना।

**(x)** निर्णय लेने के लिए डेटा आधारित विश्लेषण विकसित करना।

**(xi)** सभी योजनाओं के लिए एकीकृत डैशबोर्ड बनाना।

**(xii)** केन्द्र एवं राज्य सरकार के वाहय एजेंसी द्वारा संचालित सॉफ्टवेयर/एप्लीकेशन को इंटीग्रेशन करने का कार्य।

**7.** उपर्युक्त कंडिका–6 में यथा वर्णित मुख्य कार्य के समापन की सामान्य अवधि चौबीस (24) माह की होगी। इसमें 24 (चौबीस) माह का अवधि विस्तार आवश्यकतानुसार किया जा सकता है।

**8.** अतः राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC) द्वारा "Bihar SNA-SPARSH for Just-in-time payments (BIHAR SNA-SPARSH)" सॉफ्टवेयर के विकास/अनुकूलन, परीक्षण, संवर्धन, रखरखाव, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण एवं कार्यान्वयन हेतु मनोनयन के आधार पर अगले दो वर्षों के लिए ₹5,75,39,000 (पाँच करोड़ पचहत्तर लाख उनतालीस हजार रूपये) मात्र की स्वीकृति प्रदान करने हेतु दिनांक–08.06.2026 को संपन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में प्राप्त अनुमोदन के आलोक में स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/- 17.06.26

**सचिव,**
वित्त विभाग ।

ज्ञापांक-30/SNA-SPARSH-06/2026...5643... पटना,दिनांक-...17/06/2026...

प्रतिलिपिः–**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,** सभी विभाग, बिहार, पटना/**विशेष सचिव,** मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/**सभी वरीय कोषागार पदाधिकारी,** बिहार एवं बिहार भवन, नई दिल्ली/**संयुक्त आयुक्त,** वित्तीय संसाधन समन्वय ईकाई कार्यालय, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/- 17.06.26

**सचिव,**
वित्त विभाग ।

ज्ञापांक-30/SNA-SPARSH-06/2026....5643.... पटना,दिनांक-17/06/2026

प्रतिलिपिः—**माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव**, वित्त विभाग/**सचिव(व्यय) के आप्त सचिव,** वित्त विभाग/**विशेष सचिव के आप्त सचिव,** वित्त विभाग/**सिस्टम एनालिस्ट,** वित्त विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु/**अवर सचिव,** ई—गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह०/- 17/06/2026

**सचिव,**

वित्त विभाग ।